RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार, 22 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 239 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई में 1.31 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस की मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने 27 वर्षीय युवक को उपनगर सांताक्रूज से गिरफ्तार किया गया है जिसके पास से कथित तौर पर 1.31 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद की गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एएनसी की कांदिवली इकाई के अधिकारियों ने आरोपी को उस समय पकड़ा जब शुक्रवार शाम को वह वकोला ब्रिज पर संदिग्ध परिस्थितियों में टहल रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी के बैग की तलाशी ली गई जिसमें अधिकारियों को 325 ग्राम हेरोइन मिली जिसकी कीमत 1.31 करोड़ रुपये आंकी गई है। अधिकारी के मुताबिक आरोपी ग्राहक को मादक पदार्थ की आपूर्ति करने सांताक्रूज आया था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## औरंगजेब का समर्थन करने वाले महाराष्ट्र के सपा अध्यक्ष अबू आजमी को मिली
# जान से मारने की धमकी

**मुंबई :** मुगलों के शासक 'औरंगजेब' को लेकर महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में शोर-शराबा मचा हुआ है. कुछ दलों के नेताओं ने जहां 'औरंगजेब' के समर्थन में बयान दिए हैं, वहीं बीजेपी और उसकी सहयोगी पार्टियों के नेता औरंगजेब को हमलावर और अत्याचारी नेता बता रहे हैं. औरंगजेब का समर्थन करने पर समाजवादी पार्टी के एक बड़े नेता को धमकियां मिलीं. बता दें कि महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है. आजमी ने कहा है कि औरंगजेब का समर्थन करने पर उन्हें फोन कॉल पर जान से मारने की धमकी दी गई. आजमी की ओर से मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन में पुलिस को शिकायत की गई. मुंबई पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 (2) और 504 के तहत एफआईआर दर्ज की



है. मुंबई पुलिस की ओर से कहा गया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि, शनिवार (21 जनवरी को) समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने साइकिलों के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था. इसको उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट से ट्वीट भी किया. उन्होंने लिखा था, 'नारी शक्ति सपा के साथ है. सपा मुंबई महिला सभा सम्मेलन को मेरी सशक्त माताओं, बहनों एवं बेटियों के इस भव्य प्रतिसाद के लिए हार्दिक धन्यवाद. सभी नवनियुक्त महिला सभा के पदाधिकारियों को सपा संघर्ष की शुभकामनाएं.'

## महाराष्ट्र सरकार शिक्षकों, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना के बारे में सकारात्मक हैः शिंदे



**ठाणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लेकर सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि राज्य शिक्षा विभाग ओपीएस का अध्ययन कर रहा है। आगामी विधान परिषद चुनावों के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार हाल में हुए दावोस शिखर सम्मेलन में निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करने संबंधी विपक्ष के आरोपों का जवाब अपने काम से देगी। उन्होंने कहा, ''सरकार का शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों, गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए पुरानी पेंशन योजना और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण के बारे में सकारात्मक रुख है। शिक्षा विभाग ओपीएस का अध्ययन कर रहा है।''

## लातूर में 1.28 लाख रुपये कीमत का गांजा बरामद


**मुंबई :** राज्य में ऐसी ही एक अन्य कार्रवाई में लातूर जिले के एक खेत में पुलिस ने 1.28 लाख रुपये कीमत का 3.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस निरीक्षक गजानन भटलावंडे ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय अपराध शाखा की एक टीम ने गुरुवार को लातूर तहसील के एक खेत में छापा मारा। इस दौरान टीम ने घास के ढेर के नीचे बोरे में रखा 3.6 किलोग्राम



गांजा बरामद किया। उन्होंने कहा कि जब्त मादक पदार्थ की कीमत 1.28 लाख रुपये है। अधिकारी ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।





## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# घाटे का सौदा

यह विडंबना ही है कि लगातार भारत विरोधी गतिविधियों और सैन्य टकराव के बीच चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2022 में रिकॉर्ड 135.98 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। चिंता की बात यह है कि पिछले साल के मुकाबले हमारा आयात 97.5 बिलियन डॉलर से 21 फीसदी बढ़कर 118.5 बिलियन डॉलर हो गया है। विडंबना की बात यह भी है कि वहीं दूसरी ओर हमारा निर्यात 2021 के मुकाबले 28 बिलियन डॉलर से घटकर 17.48 बिलियन रह गया। चिंता की बात यह है कि हमारा व्यापार घाटा पहली बार सौ अरब डॉलर पार कर गया है। यह घाटा पिछले साल 69.4 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया था। दरअसल यह स्थिति भारत में मांग के स्तर पर सुधार, कच्चे माल की बढ़ती जरूरत व चिकित्सा से जुड़ी सामग्री की आपूर्ति बढ़ने से पैदा हुई है। निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है कि भारतीय सीमाओं व तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की खिलाफत करने वाले चीन पर हमारी निर्भरता बढ़ रही है। यह स्थिति तब है जब लंबे समय तक सीमाओं पर दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति बनी रही है। ऐसे में उन कारकों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है जो इस एकतरफा व्यापार विसंगति का मुख्य कारण हैं। दरअसल, चीन को होने वाले प्राथमिक निर्यात में लौह अयस्क, तांबा, एल्यूमीनियम और रत्न शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर चीन से आयात होने वाले सामान में मशीनरी, दूरसंचार उपकरण व इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान शामिल हैं। वहीं व्यापार घाटा बढ़ने की एक वजह यह भी है कि चीन भारतीय फार्मास्यूटिकल्स व आईटी सॉफ्टवेयर के लिये बाजार सहज उपलब्ध नहीं कराता। वैसे तो इसे सकारात्मक पहलू ही माना जाना चाहिए कि भारत चीन से कच्ची सामग्री और मध्यवर्ती वस्तुओं का आयात करता है, जो हमारी अर्थव्यवस्था की जीवंतता को ही दर्शाता है। जिससे निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि हमारी अर्थव्यवस्था सही दिशा में बढ़ रही है।

दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि सरकार आयात कम करने तथा निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों को गति दे रही है। इस दिशा में कारगर विकल्प तलाशकर हमें आत्मनिर्भरता की तरफ कदम उठाने चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हमारा व्यापार घाटा बढ़ने में वैश्विक परिस्थितियां भी जिम्मेदार हैं। खासकर रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते पूरी दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है। वैसे भी करीब दो साल के कोरोना संकट से भी स्थितियां विकट हुई हैं। जो अभी अपनी पूर्व स्थिति पर नहीं लौट सकी हैं। बहरहाल, भारत को चीन का एक विश्वसनीय विकल्प तलाशना चाहिए। भारत ने कई देशों से मुक्त व्यापार समझौते के जरिये समाधान निकालने का प्रयास भी किया है। इस दिशा में अभी और आगे बढ़ने की जरूरत है। हालांकि, मौजूदा हालात और आंकड़े बताते हैं कि चीन से अलग होकर विकल्प तलाशने की बात करना तो आसान है, मगर इसे हकीकत में जल्दी बदल पाना आसान नहीं होगा। इस तरह का विकल्प हम वियतनाम आदि देशों में तलाश सकते हैं। लेकिन इससे जुड़ी कुछ व्यावहारिक दिक्कतें भी हैं। इसके बावजूद भारत को इस व्यापार घाटे को पाटने की दिशा में गंभीर पहल करनी होगी। इस काम में उद्योग जगत की भी रचनात्मक भूमिका हो सकती है कि वह आत्मनिर्भर भारत के अभियान में किस तरह से योगदान दे सकता है। निस्संदेह व्यापारिक हित महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता के लिये कुछ त्याग करना भी जरूरी होता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि इस बड़े घाटे में उद्योग जगत की बड़ी भूमिका है। ऐसे में हमारे उद्योग जगत को इस अभियान के लिये संकल्प जताना होगा कि कैसे चीन पर कच्चे माल की निर्भरता का विकल्प तलाशा जाए। उसकी मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान में सार्थक भागीदारी होनी चाहिए। सरकार को भी आत्ममंथन करना होगा कि ये अभियान सार्थक परिणाम क्यों नहीं दे पाये। यह भी कि उत्पादन को प्रोत्साहन देने वाली योजना वास्तविक धरातल पर कामयाब क्यों नहीं हो पा रही है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# हिरासत में किसी व्यक्ति की मौत सबसे खराब अपराधों में से एक - बांबे हाई कोर्ट



**मुंबई:** हिरासत में मौत सभ्य समाज में सबसे खराब अपराधों में से एक है। पुलिस सत्ता की आड़ में नागरिकों को अमानवीय तरीके से प्रताड़ित नहीं कर सकती। बांबे हाई कोर्ट ने कहा कि सभ्य समाज में पुलिस की हिरासत में किसी व्यक्ति की मौत सबसे खराब अपराधों में से एक है। पुलिस किसी को अमानवीय तरीके से दंड नहीं दे सकती।

पुलिस को अपराध पर लगाम लगाने के लिए अधिकार दिए गए हैं, लेकिन यह निरंकुश नहीं हो सकती। लोगों की जान की रक्षा की जिम्मेदारी राज्य की है। अगर उसके कर्मचारी ऐसा करते हैं, तो ऐसे नागरिकों को मुआवजा देना होगा। फैसले में यह भी कहा गया कि उक्त शक्ति के प्रयोग की आड़ में वे किसी नागरिक के साथ अमानवीय तरीके से अत्याचार या व्यवहार नहीं कर सकते। हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी एक शख्स की पुलिस हिरासत में मौत के मामले में की और महाराष्ट्र सरकार को पीड़ित परिवार को 15 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया। हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच की जज जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस अभय वाघवासे की पीठ ने यह आदेश एक याचिका पर दिया। याचिका में सुनीता कूटे ने आरोप लगाया था कि उसके 23 वर्षीय बेटे प्रदीप की मौत दो पुलिसकर्मियों द्वारा की गई पिटाई से हुई है। ये दोनों सोलापुर पुलिस से संबंधित हैं। याचिका में कूटे ने 40 लाख रुपये के मुआवजे के साथ ही आरोपित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि राज्य अपने नागरिकों के जीवन का रक्षक है और अगर उसका कर्मचारी सत्ता की आड़ में अत्याचार करता है, तो उसे ऐसे नागरिक को मुआवजा देना होगा। पीठ ने कहा कि इस मामले में पीड़ित 23 वर्षीय व्यक्ति था, जिसने अपनी मृत्यु से ठीक चार महीने पहले शादी की थी। पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को पीड़िता की मां को 15,29,600 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

**क्या है पूरा मामला**

याचिका के अनुसार, प्रदीप गन्ना काटने का काम करता था। नवंबर 2018 में जब वह ट्रैक्टर से जा रहा था, तो पुलिस ने उसे रोक लिया। पुलिसकर्मियों ने बज रहे गाने पर उसकी और ट्रैक्टर पर मौजूद अन्य लोगों की पिटाई शुरू कर दी। उसके साथ मौजूद लोग भाग निकले लेकिन घायल होने के कारण प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई।

# मानसिक रोगी लड़की से रेप सोशल मीडिया पर वीडियो किया अपलोड..



**मुंबई :** मुंबई के घाटकोपर इलाके से मिली खबर के अनुसार, यहां मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़की से 3 नाबालिगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया है। वहीं मुंबई पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए नाबालिगों को गिरफ्तार करके उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मुंबई के घाटकोपर इलाके में मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़की से 3 नाबालिगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया जब वह शौच के लिए गई थी। मिली कहबर के अनुसार आरोपियों ने कथित तौर पर लड़की को जबरदस्ती शौचालय के अंदर ले गए, जहां उन्होंने बारी-बारी लड़की से बलात्कार किया। इतना ही नहीं इन तीनों ने बलात्कार का वीडियो रिकॉर्ड किया और उसे सोशल मीडिया पर भी अपलोड कर दिया। वहीं बाद में जब वायरल हुए वीडियो को देखकर लड़की के भाई ने परिजनों को सूचना दी।

# महाराष्ट्र के पुणे में अंधविश्वास का अंधा खेल

## महिला प्रेगनेंट हो इसलिए तांत्रिक ने खिलाया इंसान के हड्डी का चुर्ण



**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे में अंधविश्वास का एक मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यहां एक महिला को हड्डियों का पाउडर खिलाया गया। आरोपियों का मानना है कि ऐसा करने पर महिला का प्रेग्नेंसी रुक जाएगी। फिलहाल यह सब एक तांत्रिक के इशारे पर किया गया। अब इस मामले में पुलिस ने तांत्रिक सहित 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। वैज्ञानिक युग में अभी भी कई लोग अंधविश्वास में फंसे हैं।

पुणे में एक महिला को बच्चा नहीं हो रहा था। गर्भ धारण करने की उम्मीद में, काले जादू की रस्म का सहारा लिया गया। इसके तहत महिला को मानव हड्डियों से बने पाउडर का सेवन करने के लिए कथित रूप से मजबूर किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने 7 पर मामला दर्ज किया गया। पुणे, जोन 3 के डीसीपी सुहैल शर्मा ने बताया कि पति, ससुराल वालों और एक तांत्रिक समेत 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। अंधविश्वास विरोधी अधिनियम की धारा 3 के साथ आईपीसी की धारा 498ए, 323, 504,506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। परिवार शिक्षित है। हम उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे।

बता दें कि यह घटना जिस परिवार में हुई है वह शिक्षित परिवार है। बच्चे की चाह में वह एक तांत्रिक के संपर्क में आ गए। और उसी के कहने पर उन्होंने काले जादू का रस्म पूरा करने का प्रयास किया। पूरा परिवार अंधविश्वासी हो गया। बताया जा रहा है कि काफी इलाज के बाद भी जब महिला प्रेग्नेंट नहीं हुई तो परिजनों ने काले जादू का सहारा लिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# मलाड पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है

## जो महिलाओं और लड़कियों को अश्लील मैसेज और वीडियो भेजता था



**मुंबई :** मुंबई में मलाड पुलिस ने एक 22 साल के युवक को गिरफ्तार किया है, जो डेटिंग ऐप के जरिये अज्ञात महिलाओं और लड़कियों का फोन नंबर निकालकर उन्हें अश्लील मैसेज और व्हाट्सअप कॉल करता था. ये आरोपी पुलिस स्टेशनों में पानी की डिलीवरी करता है. एक 14 साल की स्टूडेंट की मां की शिकायत के बाद मलाड पुलिस ने आईपीसी की धारा 454 (डी), 509, 506 और आईटी एक्ट की धारा 67 और पॉक्सो एक्ट की धारा 12 तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. छात्रा की मां की शिकायत के बाद डीसीपी अजय कुमार बंसल (जोन XII) के मार्गदर्शन में मलाड के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवी अडाने के निर्देश पर पीएसआई धीरज वायकोस ने तुरंत मोबाइल नंबर और लोकशन की जांच शुरू की.

मलाड पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी मलाड पूर्व के पुष्पा पार्क इलाके का का रहने वाला है. मलाड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवि अडाने ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान हर्ष गिंद्रा के रूप में हुई है. पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि दूसरे लड़कों की गर्लफ्रेंड होती हैं, उसे कोई पसंद नहीं करता है. वह चाहता था कि उसकी भी एक गर्लफ्रेंड हो, इसलिए वह एक डेटिंग ऐप के जरिये महिलाओं और लड़कियों के नंबर निकालकर उन्हें अश्लील मैसेज भेजता था. यह आरोपी प्ले स्टोर से और वैवाहिक वेबसाइटों पर अपनी शादी के लिए अपलोड की गई महिलाओं और लड़कियों के बायोडाटा से नंबर और जानकारी निकाल लेता था. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवि अडाने ने कहा कि जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी अश्लील मैसेज करने के साथ-साथ वॉयस मैसेज भी भेजता था।



**जन समस्या** | कार्रवाई के नाम पर ट्रैफिक पुलिस और मनपा का 'पहले आप-पहले आप'

# फेरीवालों और शेयरिंग रिक्शा पर करो कार्रवाई

**महाराष्ट्र : मुंबई.** घाटकोपर में आम लोगों को जाम और फेरीवालों की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए घाटकोपर ट्रैफिक पुलिस और मनपा अधिकारी एक दूसरे को 'पहले आप पहले आप' करने लगे हैं. हालांकि दोनों विभाग कार्रवाई करने को तैयार हैं, लेकिन सबसे पहले सख्त एक्शन कौन लेगा, इस पर प्रश्न चिन्ह लगता दिखाई पड़ रहा है. घाटकोपर के यातायात पुलिस ने एन वार्ड के सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर घाटकोपर स्टेशन रोड, आरजे कॉलेज और हिंदी हाई स्कूल के आसपास फेरीवालों को तत्काल हटाने की मांग की है. पुलिस ने एन वार्ड के सहायक आयुक्त से संयुक्त कार्रवाई करने की मांग की है. मनपा के सहायक आयुक्त कहना है कि सारी समस्या स्टेशन, कॉलेज, स्कूल के सामने जगह-जगह बनाए गए रिक्शा स्टैंड और उन जगहों पर उल्टी-सीधी दिशा में खड़े होने वाले वाहनों से है, जिस पर पहले ट्रैफिक पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए. कॉलेज और स्कूल के सामने फेरीवाले कम हैं, हालांकि हम उन पर रेगुलर कार्रवाई करते रहते हैं.





## बीच सड़क पर पार्क कर दी जाती हैं गाड़ियां

पुलिस ने मनपा सहायक आयुक्त के नाम लिखे पत्र में कहा है कि स्कूल और कॉलेजों में हजारों की संख्या में बच्चे पढ़ते हैं, फेरीवालों की वजह से यहां पर अक्सर असामाजिक तत्व भी घूमते रहते हैं. फुटपाथ पर बैठे हुए फेरीवालों की वजह से बीच सड़क तक गाड़ियां पार्क कर दी जाती हैं. ट्रैफिक पुलिस मानती है कि अवैध फेरीवालों की वजह से सड़कों पर जाम लगता है, जिससे आम जनता हलाकान हो रही है. सबसे पहले मनपा को चाहिये कि फेरीवालों पर कार्रवाई करे.

*हमने इस विषय को लेकर सहायक आयुक्त को पत्र लिखा है, हम चाहते हैं कि मनपा ट्रैफिक और लोकल पुलिस संयुक्त रूप से एक्शन प्लान बना कर इन पर कार्रवाई करें. फेरीवालों पर पहले कार्रवाई होनी चाहिए, जिसके बाद पूरा रास्ता अतिक्रमण से मुक्त हो सकेगा.*

*-**सुभाष वारंग**, प्रभारी पुलिस निरीक्षक, घाटकोपर ट्रैफिक डिवीजन*

*सबसे पहले पुलिस गलत जगह पर खड़े वाहनों पर एक्शन लें. कॉलेज और स्कूल के सामने गलत पार्किंग कर रिक्शा खड़ा करते हैं. जगह-जगह शेयरिंग स्टैंड बना दिया गया है, जिस वजह से ज्यादा तकलीफ है. हमने भी ट्रैफिक पुलिस को कई बार अवगत कराया है.*

*-**संजय सोनावने**, सहायक आयुक्त, एन वार्ड*

## महाबोधि मंदिर में चढ़ाने के लिए ले जा रहा था शराब

### 10ml के साथ रूसी बौद्ध भिक्षु गिरफ्तार

**गया।** शराबबंदी वाले बिहार के बोधगया में 10 एमएल शराब के साथ एक रूसी बौद्ध भिक्षु को विशेष सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा है। उक्त रूसी बौद्ध भिक्षु की पहचान इडिपसी एयास के रूप में की गई है। उसकी गिरफ्तारी बोधगया के महाबोधि मंदिर से प्रवेश के दौरान जांच करने के क्रम में पकड़ा गया है। फिलहाल बौद्ध भिक्षु को शराब के साथ बोधगया पुलिस के हवाले कर दिया गया है। बताया जाता है कि रूसी के बौद्ध भिक्षु इडीपसी एयास मंदिर में प्रवेश कर रहा था। तभी जांच करने के दौरान विशेष सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान शराब की पुष्टि होते ही पुलिस ने आरोपी रूसी बौद्ध भिक्षु इडिपसी एयास के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। इस संबंध में बोधगया थानाध्यक्ष रूपेश कुमार का कहना है कि महाबोधि मंदिर के अंदर एक रूसी बौद्ध भिक्षु शराब लेकर जा रहा था। तभी मंदिर में प्रवेश करने से पहले वहां लगे स्कैनर मशीन में एक बोतल देखी गई। सुरक्षाकर्मियों ने जब उसके शरीर को जांचा तो कपड़े के अंदर से एक बोतल बरामद किया गया, जिसमें लगभग 10 एमएल विदेशी शराब था। सुरक्षाकर्मियों ने रूसी बौद्ध भिक्षु इडिपसी एयास को शराब एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए तुरंत गिरफ्तार कर लिया। अब गिरफ्तार बौद्ध भिक्षु को कोर्ट में पेश किया जाएगा।




**तंत्र साधना के लिए ले जा रहा था शराब**

गिरफ्तार रूसी बौद्ध भिक्षु इडीपसी एयास से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह तंत्र साधना के लिए मंदिर में चढाने के लिए शराब ले जा रहा था, लेकिन मंदिर में प्रवेश करने से पहले ही सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। गया में दिसंबर महीने में भी मंदिर परिसर के भीतर शराब की खाली बोतलें बरामद की गई थी। इसके बाद गया प्रशासन के द्वारा वहां की सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गई थी। अब एक बार फिर से बौद्ध भिक्षु के पास के विदेशी शराब की बोतल मिलने से प्रशासन अलर्ट हो गई है।

## अजमेर उर्स के लिए विशेष ट्रेन का संचालन

**छपरा।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा अजमेर में लगने वाले उर्स मेला के अवसर पर रेल यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 05105/05106 मऊ-अजमेर-मऊ विशेष गाड़ी का संचलन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05105 मऊ-अजमेर 27 जनवरी को और 05106 अजमेर-मऊ 30 जनवरी को एक फेरे में संचालित की जाएगी। इस गाड़ी में यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। इसकी जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने दी। छपरा और आसपास के जिलों के यात्रियों लिए अजमेर के लिए यह ट्रेन विशेष सहूलियत प्रदान करेगी। गाड़ी संख्या 05105 मऊ-अजमेर 27 जनवरी शुक्रवार को मऊ से 20:30 बजे प्रस्थान कर, मुहम्मदाबाद से



20:52 बजे, आजमगढ़ से 22:00 बजे, खोरासोन रोड से 22:37 बजे, शाहगंज से 23:30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बाराबंकी से 04:52 बजे, बादशाह नगर से 05:43 बजे, ऐशबाग से 06:20 बजे, कानपुर सेंट्रल से 08:35 बजे, कनौज से 09:42 बजे, फरुखाबाद से 11:10 बजे, कासगंज से 12:40 बजे, हाथरस सिटी से 13:34 बजे, मथुरा जंक्शन से 14:50 बजे, अछनेरा जं से 16:05 बजे, भरतपुर से 16:40 बजे, बांदीकुई से 19:05 बजे, जयपुर से 20:25 बजे छूटकर 23:00 बजे अजमेर पहुंचेगी।

## ट्रक की चपेट में आने से दो किसानों की गई जान

**नवादा।** नवादा में अहले सुबह सब्जी बेचने आ रहे दो किसानों की ट्रक की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना नवनिर्मित फोरलेन पर हुई है। मृतकों की पहचान ओरैना गांव निवासी कृष्ण नंदन सिंह के 48 वर्षीय पुत्र किशोरी सिंह और स्वर्गीय सुकलाल रविदास के 30 वर्षीय पुत्र राकेश रविदास के रूप में हुई है।

घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सदर अस्पताल के सामने शव को रखकर सडक जाम कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों जो कंपनी फोरलेन का निर्माण करवा रही है उसने कहीं भी नो एंट्री या गति सीमा संबंधित किसी प्रकार का कोई बोर्ड नहीं लगाया है। इस वजह से ट्रक वाले मनमाने तरीके से ट्रक चलाते हैं।

### रुपए-जेवरात की चोरी तो आम, अब उड़ा रहे मोबाइल टावर

## दो माह में दूसरी बार छत से टावर चोरी

**पटना।** गहने, सामान से लेकर लोहे का पुल तक चोरी होने के बाद अब पटना में चोर मोबाइल टावर भी उड़ा रहे हैं। दो माह में पटना शहर में इस तरह की दूसरी वारदात सामने आ चुकी है, जिसमें अज्ञात लोगों के खिलाफ टावर और उपकरण चोरी की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पहली घटना नवंबर 2022 के आखिरी सप्ताह में प्रकाश में आई और गर्दनीबाग थाने में इसकी शिकायत की गई। दूसरी घटना पीरबहोर थाना क्षेत्र की है, जब कंपनी ने मोबाइल टावर व उपकरण चोरी की जानकारी होने के चार माह बाद 16 जनवरी को केस किया। पीरबहोर थानेदार सबीह उल हक ने बताया कि टावर चोरी होने का केस तो किया गया है, लेकिन मामला पूरी तरह से संदेहास्पद है। टावर कौन खोलकर ले गया इसकी जांच की जा रही है।



जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के एक्यूजिशन अफसर मो. शहनवाज अनवर ने पुलिस को बताया कि जीटीएल कंपनी का एक मोबाइल टावर पीरबहोर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 28 में शाहीन कयाम के प्लाट में लगाया गया था। मोबाइल टावर साइट विगत कुछ वर्षों से बंद था। 31 अगस्त 2022 की शाम करीब चार बजे निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त मोबाइल टावर एवं अन्य उपकरण अज्ञात लोग उठा ले गए। इसकी कीमती करीब आठ लाख तीन हजार रुपए है। उस समय कंपनी ने चुप्पी साधे रखी। अब 16 जनवरी को इस संबंध में पीरबहोर थाने में लिखित आवेदन दिया, तो पुलिस चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई। इसी तरह गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के यारपुर में राजपूताना इलाके में स्वयं को मोबाइल कंपनी का कर्मी बताकर शातिर करीब 19 लाख रुपए का मोबाइल टावर खोलकर वाहन में लादकर चले गए थे। यह टावर भी एयरसेल कंपनी का था। एयरसेल बंद होने के बाद इसे दूसरी कंपनी ने ले लिया था। थानेदार की मानें तो एयरसेल से टावर जीटीएल कंपनी ने अधिग्रहित कर लिया था।

## साथ डांस नहीं करने दिया तो नाबालिग लड़की पर पेट्रोल छिड़क फूंका

**वैशाली।** बिहार में एक शादी समारोह में साथ में डांस नहीं करने पर दो बदमाश भाइयों ने एक नाबालिग छात्रा पर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग के हवाले कर दिया, जिससे छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में परिजनों ने घायल छात्रा को सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां घायल छात्रा का इलाज चल रहा है। घायल छात्रा बहुआरा गांव निवासी भरत सिंह की 10 वर्षीय पुत्री कोमल(बदला हुआ नाम) कुमारी है। सृष्टि वर्ग 6 की छात्रा है। पूरी घटना राजापाकर थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव की है। परिजनों ने बताया कि गांव के ही रौशन कुमार की शादी थी, जिसमें



बिलौकी मांगने का रस्म चल रहा था। इस दौरान लडकियाँ डांस कर रही थीं। तभी प्रमोद सिंह के दो पुत्र प्रशांत कुमार और प्रतीक कुमार उन डांस करतीं लड़कियों के बीच घुसकर डांस करने लगा। उन दोनों लड़कों को डांस करते देख लड़कियों ने डांस करना बंद कर दिया।

# गेटवे और गिरगांव चौपाटी पर शुरू होगा लाइट ऐंड साउंड शो

## महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने की घोषणा





**मुंबईः** मुंबई में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने गेटवे ऑफ इंडिया और गिरगांव चौपाटी के लोकमान्य तिलक उद्यान में लाइट ऐंड साउंड शो शुरू करने की घोषणा की है। इसकी सफलता के बाद उन्होंने मुंबई के पूर्वी व पश्चिमी उपनगर के कई हिस्सों में पांच स्थानों पर इसी तरह के लाइट ऐंड साउंड शो शुरू करने की योजना बनाई है। इन स्थानों पर स्थानीय कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलेगा। महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल (एमटीडीसी) की 48वीं वर्षगांठ पर मंत्रालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें साल 2023 के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री लोढ़ा ने कहा कि अगले 30 दिनों में गेटवे ऑफ इंडिया और गिरगांव चौपाटी पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए लाइट ऐंड साउंड शो शुरू करेंगे। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इसकी सफलता के बाद मुंबई महानगर के पूर्वी और पश्चिम उपनगर सहित पांच जगहों पर भी लाइट ऐंड साउंड शो का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जहां पर भी लाइट ऐंड साउंड शो का आयोजन किया जाएगा, वहां स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शन के लिए उचित जगह मुहैया कराई जाएगी।

**कार्ला में बनाया जाएगा चाणक्य स्मारक**

लोनावाला के कार्ला में एमटीडीसी की जगह पर चाणक्य स्मारक शुरू करने की घोषणा राज्य के पर्यटन मंत्री लोढा ने की। उन्होंने कहा कि वहां पर चाणक्य की मूर्ति सहित पांच बड़े खंड बनाएं जाएंगे, जहां पर चाणक्य की नीतियों, उनकी जीवन शैली और युद्ध शैली में उनके विचारों की पर्यटकों को जानकारी दी जाएगी। यहां पर 3-3 दिनों का थॉट्स ऑफ चाणक्य कोर्स भी शुरू करने की योजना है।

**हो-हो बस की शुरूआत**

पर्यटन मंत्री लोढ़ा ने हो-हो बस सेवा की शुरूआत करते हुए कहा कि इस बस के माध्यम से पर्यटकों को मुंबई के विभिन्न टूरिस्ट स्पॉट की सैर कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि एमटीडीसी ने 11 बसों को 6 साल पहले हायर किया था, लेकिन ये बसें पिछले 3 साल से ऐसे ही खड़ी हैं। उसी बस को अब वेंडर के माध्यम से एमटीडीसी चलाने जा रही है। उससे पहले इन बसों का मरम्मत कार्य कराया। प्रति बस पर 12 लाख रुपये खर्च आया। लंबी दूरी वाले रूट के लिए बसों का किराया 400 रुपये और छोटे रूट पर किराया 200 रुपये होगा। बसों में पर्यटकों को नाश्ता भी दिया जाएगा।

# नवी मुंबई में ASI ने दलित शख्स पर 'थूका'...

## थाने में जूते चाटने को किया मजबूर, मामला दर्ज




**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के कलंबोली पुलिस स्टेशन में तैनात एक सहायक पुलिस निरीक्षक पर गुरुवार को थाने परिसर में 28 वर्षीय एक दलित व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया। पीड़ित विकास उजगारे के खिलाफ कथित रूप से जातिसूचक गालियां देने के आरोप में अधिकारी दिनेश पाटिल पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पाटिल पर आरोप है कि उसने थाने में उजगारे के चेहरे पर थूका और उन्हें अपने जूते चाटने के लिए मजबूर किया।

मीडिया से बात करते हुए पीड़ित उजगारे ने कहा कि 6 जनवरी को रात 8 बजे के आसपास, मैं अपने दोस्त के साथ एक चीनी रेस्तरां में था, जिसका रेस्तरां के मालिक के साथ झगड़ा हुआ था। मालिक ने हम पर हमला किया और मैंने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया। जल्द ही कलंबोली पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंच गई। उजगारे ने कहा कि चोट लगने के कारण उन्होंने पुलिस अधिकारियों से उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए कहा लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। बहुत मिन्नतें करने के बाद, अधिकारी मुझे पनवेल के एक सरकारी अस्पताल में ले गए। डॉक्टरों ने पुलिस को मुझे दूसरे अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। हालांकि, अधिकारी मुझे कलंबोली पुलिस स्टेशन ले गए, जहां मुझे फर्श पर बैठने के लिए मजबूर किया गया। तभी पाटिल आया और मुझे थप्पड़ मारने लगा।

**अधिकारी ने मुझसे मेरी जाति पूछी फिर चेहरे पर थूका**

उजगारे ने कहा कि पुलिस ने उनकी पहचान उस व्यक्ति के रूप में की जिसने उनके खिलाफ शिकायत की थी। नाराजगी रखते हुए पाटिल ने मेरे चेहरे और गर्दन पर मारना शुरू कर दिया। इसके बाद वह मुझे घसीटते हुए एक कमरे में ले गया, जहां मुझ पर बेरहमी से हमला किया गया। अधिकारी ने तब मुझसे मेरी जाति के बारे में पूछा ङ्घ जब मैंने कहा कि मैं एक दलित हूं, तो उसने मेरी जाति को गाली दी और मुझ पर निचली जाति का होने के लिए थूका। 28 वर्षीय उजागर ने कहा, पाटिल ने उसे अपने जूते चाटने के लिए मजबूर किया।

# पहले कोरियर कंपनी का कर्मचारी फिर बना पुलिस

## इंजीनियर ने महिला से की 14.36 लाख की ठगी, गिरफ्तार




**मुंबई :** मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने एक 28 साल के इंजीनियर को महिला से कथित रूप से 14.36 लाख रुपए की उगाही करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. आरोपी ने उगाही करने के लिए खुद को एक लॉजिस्टिक फर्म और एक पुलिस अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में पेश किया था. साइबर पुलिस के मुताबिक गिरफ़्तार आरोपी का नाम खुशाल माली है जो कि नासिक के सतपुर का रहने वाला है. साइबर सेल के डीसीपी बालसिंह राजपूत ने बताया कि माली ने 9 जनवरी को फेडएक्स से जुड़े होने का नाटक करते हुए 40 साल की महिला को फोन किया. माली ने पीड़िता को बताया कि उसने जो पार्सल विदेश भेजा था उसमें नशीला पदार्थ पाया गया था. आपको बता दें कि महिला ने कोई पार्सल नहीं भेजा था लेकिन उसे यकीन दिलाया गया कि उसकी पहचान और बैंक खाते का इस्तेमाल ड्रग्स की तस्करी के लिए किया गया था.

**आरोपी खुशाल ने महिला को फर्जी पुलिस कार्ड भेजा**

इस कॉल के बाद माली ने दोबारा से महिला को किसी और नंबर से कॉल किया इस बार उसने अपने आपको पुलिस अधिकारी बताया ह्लउसने इस कॉल के दौरान महिला को कहा कि ह्यड्रग्स मामलेह्न की जांच के दौरान उसने उसके बैंक खातों की जांच की और इस जांच के दौरान उसे मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत मिले हैं. इसलिए, उसके खिलाफ एक गंभीर जांच शुरू की गई थी. अपने इस झूठ को साबित करने के लिए माली ने उस महिला के व्हाट्सएप पर एक जाली पुलिस आईडी कार्ड की तस्वीर भी भेजी ताकि महिला को यकीन दिलाया जा सके कि वो पुलिस वाला है.

माली ने कॉल के दौरान यह भी दावा किया कि अगले एक घंटे में वो इस जांच को बंद कर देगा और अलग-अलग बहाने बनाकर उसने पीड़ित महिला से कुल 14.36 लाख की उगाही की. बातचीत के दौरान माली उसे जेल भेजे जाने की धमकी भी देता रहा. राजपूत ने आगे बताया की फोन काटने के बाद ही उसे शक हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है जिसके बाद वो पुलिस स्टेशन गई. इस जानकारी के बाद हमने तुरंत महिला के बैंक के ट्रांजेक्शन से संबंधित बैंकों के साथ बातचीत की और 13.98 लाख को फ्रीज करवा दिया. इसके बाद, पुलिस ने माली द्वारा इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की तकनीकी जांच की और तकनीकी मदद से आरोपी की लोकेशन का पता लगाया गया. इस जानकारी के मिलने के बाद ही साइबर सेल की एक टीम नासिक भेजी गई जहां पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ़्तार कर लिया.

**आरोपी के घर से 43 सिम कार्ड मिले**

राजपूत ने आगे बताया कि हमने आरोपी के घर को सर्च किया और हमें वहां से 43 सिम कार्ड मिले है. जिसका इस्तेमाल वो लोगों को ठगने के लिए करता था. पूछताछ में यह भी पता चला की वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था और फि लहाल वो बेरोजगार है जिसकी वजह से वो इस तरह लोगों को ठगने का काम कर रहा था. आरोपी इस तरह से लोगों को फसाने का काम पिछले छह महीने से कर रहा था.




मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com